@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Tuesday, 02 June 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 257 Pages 04 | ₹3.00

## SAFETY CONCERNS



statue will remain in the PWD's custody, and there has been no official announcement regarding where it will be re-erected.

## Rajasthan's Zero-Tolerance Drive: 20 Officers Sacked, 332 Suspended in Sweeping Anti-Corruption Purge



FAIR REPORT

**JAIPUR**: In one of the most aggressive anti-corruption crackdowns seen in Rajasthan in recent years, the Bhajanlal Sharma government has dismissed 20 officials, suspended 332 others, and frozen the pensions of 17 employees — signalling that the administration means business when it comes to rooting out graft from the state machinery.

The scale of the action is unprecedented in its breadth. Among those dismissed are an officer from the RAS — the prestigious Rajasthan Administrative Service — alongside officials drawn from multiple government departments, underlining that the purge has cut across hierarchies and portfolios rather than targeting any single department or cadre.

Crucially, prosecution sanction has already been granted in over 100 cases, paving the way for formal legal proceedings against the accused officials. This step is significant — securing prosecution sanction is often the most bureaucratically entangled stage of accountability, and clearing it in triple-digit numbers suggests the government is intent on converting administrative action into courtroom consequences.

Chief Minister Bhajanlal Sharma, who came to power on a strong anti-incumbency wave against the previous Congress government, has consistently positioned clean governance as a cornerstone of his administration's identity. Sunday's sweeping action is the most tangible expression yet of that stated commitment.

Political analysts note that the timing carries electoral undertones as well — with Rajasthan's municipal and panchayat cycles approaching, a visible crackdown on corrupt officialdom serves the dual purpose of genuine reform and powerful optics.

Opposition Congress, however, is expected to scrutinise whether the action targets officials from the previous regime disproportionately, or reflects a truly non-partisan commitment to accountability. For now, the message from Jaipur is unambiguous: the era of consequence-free corruption in Rajasthan's bureaucracy may finally be drawing to a close.

## 'Cow Is Our Mother, Not an Animal': Yogi Fires Back at Maulanas Demanding National Animal Status

**BIJNOR** : Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath on Sunday delivered one of his most charged public statements on the cow protection debate, pushing back sharply against a section of Muslim clerics who have been demanding that the cow be declared India's national animal — and doing so on terms that left little room for ambiguity. Addressing a public rally in Bijnor, the saffron-robed CM drew a firm theological and cultural line. "For Hindu society, the cow is not merely an animal — she is our mother," he declared, adding pointedly that The remarks were a direct and calculated rebuff to the Maulanas in question — their demand for a formal national animal designation, Yogi suggested, betrays a fundamental misunderstanding of the Hindu relationship with the cow, which transcends policy and statute entirely.

## Spooked by 'dhurandhar', D-Company Reactivates Mumbai Network to Prove Dawood Is Alive: Reports

FAIR REPORT

**MUMBAI,** June 1: A Bollywood film has apparently done what years of intelligence pressure could not — rattle the D-Company enough to break cover.

According to intelligence reports cited by NewsX, the criminal network of underworld don Dawood Ibrahim has reactivated its Mumbai operations in direct response to the recently released film Dhruandhar, whose central character — referred to as Bade Sahab — is widely understood to be modelled on the India's most wanted fugitive. The syndicate, sources say, has been specifically tasked with one mission: convince the world that Dawood Ibrahim is still alive.



The implications are as chilling as they are revealing. That D-Company feels compelled to publicly assert Dawood's existence suggests the film may have struck a nerve — either by fuelling speculation about his death or by projecting an image of the don that the network finds damaging to its carefully maintained mythology of fear and power.

More alarmingly, intelligence inputs indicate that the reactivated network — believed to be operating with logistical support from Pakistan's ISI — is simultaneously drawing up plans for a major strike, with a prominent public figure reportedly in the crosshairs.

Security agencies have been placed on heightened alert following the inputs, sources indicated. Dawood Ibrahim, architect of the 1993 Bombay serial blasts and India's most designated terrorist, has long been believed to be sheltered in Pakistan — a charge Islamabad has consistently denied. That a Hindi film could trigger a transnational criminal network into visible operational activity is, by any measure, an extraordinary — and deeply unsettling — development.

## India Reins In the Red: Government Hits Fiscal Deficit Target at 4.4% of GDP in FY26

FAIR REPORT

**NEW DELHI,** June 1: In a significant show of budgetary discipline, the Indian government has successfully contained its fiscal deficit at 4.4% of GDP for the financial year 2025-26 — meeting its stated target and marking a meaningful improvement over the previous year's figure of 4.8%.

The numbers, released by the Controller General of Accounts (CGA), tell a story of tightening fiscal management at a time when global economic headwinds have tested the financial resolve of governments worldwide.

The arithmetic is stark. Total government revenue for FY26 stood at 33.42 lakh crore, while total expenditure clocked in at 49.64 lakh crore — leaving a deficit gap that the government has managed to hold within its self-imposed boundary. The year-on-year compression from 4.8% to 4.4% represents not just a statistical improvement but a deliberate policy signal to bond markets, rating agencies, and foreign investors watching India's fiscal trajectory closely. For Finance Minister Nirmala Sitharaman, who had set the 4.4% target in the Union Budget, this is a moment of vindication — proof that the government's balancing act between aggressive capital expenditure and revenue prudence is yielding results.


## SHE SHOPS, SHE SCROLLS, SHE DOMINATES: INDIAN WOMEN ARE OWNING THE E-COMMERCE SPACE

FAIR REPORT

**NEW DELHI :** Forget the stereotype of the reluctant digital consumer. India's women — particularly its young, urban women — have not merely embraced online shopping platforms. They have made them their own, spending significantly more time on e-commerce and quick-commerce apps than their male counterparts, according to a sweeping new survey by the Internet and Mobile Association of India (IAMAI).

The numbers are striking. Women in the 18–24 age bracket spend a staggering 47% more time on shopping apps than men of the same age group. In the 25–34 category — the demographic that forms the backbone of India's consuming class — women clock 42% more time on these platforms than men. Women aged 25–34 average 35.2 minutes daily on e-commerce apps alone, a figure that would make any marketing director sit up straight.

The survey, conducted across urban India, spans major platforms including Flipkart, Amazon, Blinkit, BigBasket and JioMart — the full architecture of India's booming digital retail ecosystem.



What explains this shift? Analysts point to a confluence of factors: greater smartphone penetration among young women, the explosion of vernacular-language interfaces that have lowered entry barriers, and critically, the rise of quick-commerce — the ten-minute delivery model — which has reshaped how urban households approach daily consumption decisions. Women, who disproportionately manage household purchasing, have naturally gravitated toward platforms that offer both convenience and control. There is a deeper story here too. This data quietly dismantles the persistent narrative that India's digital economy is a male-dominated space. Women are not passive recipients of the e-commerce revolution — they are, by measurable engagement metrics, its most active participants. For India's e-commerce giants, the message is unambiguous: design for her, market to her, and build loyalty with her — because she is already spending more time in your store than anyone else.

संगठनात्मक फेरबदल और आगामी चुनावी रणनीति के लिहाज से माना जा रहा बेहद अहम, संघ और भाजपा संगठन में निभा चुके महत्वपूर्ण दायित्व

# अजेय कुमार को राजस्थान में BJP प्रदेश संगठन महामंत्री की मिली जिम्मेदारी

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा वरिष्ठ संगठनकर्ता एवं उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार को राजस्थान भाजपा का प्रदेश महामंत्री (संगठन) नियुक्त किया गया है। अजेय कुमार की नियुक्ति को भाजपा के भीतर एक बड़े संगठनात्मक फेरबदल और आगामी चुनावी रणनीति के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।

आपको बता दें कि राजनीतिक एवं संगठनात्मक क्षेत्रों में अजेय कुमार को एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में जाना जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में वर्ष 1997 में श्रीनगर गढ़वाल से सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले अजेय कुमार ने संघ और भाजपा संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। श्रीनगर, हरिद्वार व हल्द्वानी में नगर प्रचारक, ऊधमसिंह नगर में जिला प्रचारक और अल्मोड़ा विभाग के विभाग प्रचारक के रूप में कार्य करने के बाद उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद व बिजनौर विभाग के विभाग प्रचारक के रूप में भी संगठन को मजबूत किया। इसके उपरांत उन्होंने मेरठ प्रांत के प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख के रूप में कार्यकर्ताओं का वैचारिक मार्गदर्शन किया। वर्ष 2018 में उन्हें भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश का क्षेत्रीय



महामंत्री (संगठन) नियुक्त किया गया। अजेय कुमार वर्ष 2019 से अब तक उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) के रूप में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उत्तराखंड में उनके कार्यकाल के दौरान भाजपा संगठन ने अनुशासन, विस्तार, कार्यकर्ता संवाद, सदस्यता अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और राष्ट्रीय अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने सहित दूरस्थ क्षेत्रों तक संगठनात्मक गतिविधियों का विस्तार करने में उनकी भूमिका को व्यापक सराहना मिली।

**नेताओं ने दी बधाई:** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, सुरेंद्र पाल सिंह टीटी, नाहर सिंह जोधा, ज्योति मिर्धा, अल्का मूंदडा, सरिता गेना, बिहारी लाल विश्नोई, छगन माहुर, हकरू भाई मईडा, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, भूपेंद्र सैनी, कैलाश मेघवाल, मिथिलेश गौतम सहित प्रदेश पदाधिकारियों और प्रदेश कार्यकर्ताओं ने संगठन महामंत्री की नियुक्त पर खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## राजस्थान में संगठन को मिलेगी नई गति: राठौड़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अजेय कुमार को बधाई देते हुए कहा है कि अब राजस्थान में संगठन और अधिक गति मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि अजेय कुमार का संगठनात्मक अनुभव, कार्यकर्ताओं के प्रति समर्पण और कुशल नेतृत्व राजस्थान भाजपा संगठन को नई ऊर्जा व मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी राजस्थान संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार के संगठनात्मक अनुभव और कुशल नेतृत्व में प्रदेश संगठन और अधिक सशक्त होगा।

## भाजपा को मिला अनुभवी संगठनकर्ता : सीएम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश महामंत्री संगठन की नियुक्ति पर कहा कि राजस्थान जैसे राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रदेश में प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार की नियुक्ति उनके संगठनात्मक कौशल, प्रभावी नेतृत्व क्षमता और परिणाम देने वाली कार्यशैली की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति है। यह निर्णय भाजपा नेतृत्व के उस विश्वास को भी दर्शाता है कि अनुभवी एवं सक्षम संगठनकर्ता ही संगठन को नई दिशा और नई ऊर्जा प्रदान कर सकते हैं। भाजपा परिवार ने विश्वास व्यक्त किया है कि अजेय कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राजस्थान भाजपा संगठन और अधिक सशक्त, सक्रिय व जनोन्मुखी बनेगा। इसके साथ ही भाजपा की विचारधारा, संगठन विस्तार और जनसेवा के संकल्प को नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

## पूर्व CM गहलोत बोले- राजस्थान में सरकार नाम की चीज नहीं



**FAIR REPORT**
**जयपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए सोमवार को कहा कि राज्य में सरकार नाम की चीज नहीं है।उन्होंने सरकार पर कानून व्यवस्था से लेकर शिक्षा व स्वास्थ्य सहित अनेक मोर्चों पर विफल रहने का आरोप लगाया। गहलोत ने अजमेर में मीडिया से कहा कि राजस्थान में जब से यह सरकार आई, तबसे लोगों में हाहाकार मच गया है। सरकार नाम की चीज नहीं है। 'डबल इंजन' की बात की गई ... (पर) दुष्कर्म (के मामले) बढ़ गए, दवाइयां मिलनी बंद हो गई... कानून व्यवस्था चौपट हो गई। शिक्षा हो या स्वास्थ्य ...सभी क्षेत्रों में सुनवाई नहीं हो रही है। ''ऐसी स्थिति में डबल इंजन सरकार के मायने क्या है? लोगों में ऐसा संदेश गया था कि 'डबल इंजन' दिल्ली वाला आ जाएगा तो हमारे यहां शानदार प्रशासन मिलेगा। जबकि उलटा हो गया।''

CS ने इनोवेंशंस का डॉक्यूमेंटेशन और सफलता की कहानियां तैयार करने के दिए निर्देश

# राजस्थान के नवाचारों को अब दुनिया देखेगी!

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

'राजस्थान विकास मॉडल' और नवाचारों की देशभर में सराहना हो रही है। गत दिनों नई दिल्ली में विभिन्न मंत्रालयों के आला अधिकारियों के साथ मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की हुई बैठक में इस मॉडल की सराहना की गई है। इसके बाद अब मुख्य सचिव ने राज्य में हुए नवाचारों के संबंध में डॉक्यूमेंटेशन करने और सफलता के कहानियां तैयार करने के लिए निर्देश दिए हैं, ताकि देश-दुनिया के लोग इसे देख सकें।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में कहा कि प्रदेश में ग्राम विकास चौपाल, ग्राम रथ अभियान, मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान, चंदन वन, माय भारत व राज उन्नति जैसी राज्य सरकार की पहलों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों के रूप में पहचान मिली है। कई राज्यों द्वारा इन पहलों के क्रियान्वयन में रुचि भी दिखाई गई है। ऐसे में मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को राज्य सरकार के इन नवाचारों का प्रभावी डॉक्यूमेंटेशन करने और सफलता की कहानियां तैयार करने के निर्देश दिए।



### जून में 43 हजार पीएनजी कनेक्शन लाइव करें

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में एचआरआरएल रिफाइनरी परियोजना के शीघ्र लोकार्पण, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क विस्तार और वैकल्पिक ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देने संबंधी कार्यों में प्रगति लाई जाए। साथ ही, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के साथ समन्वय करते हुए आगामी 30 जून तक 43 हजार पाइप्ड गैस कनेक्शन लाइव करने के कार्य में प्रगति लाएं। बैठक के दौरान सेम्बकॉर्प समूह द्वारा दौसा जिले के बांदीकुई क्षेत्र में प्रस्तावित मॉडल औद्योगिक पार्क परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने उद्योग विभाग को निवेश प्रस्तावों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। उन्होंने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### पांडुलिपियों के डिजिटाइजेशन कार्य को दें प्राथमिकता

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में प्राचीन ग्रंथों एवं पांडुलिपियों के डिजिटाइजेशन व संरक्षण के संबध में ज्ञान भारतम् मिशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए विशेष प्राथमिकता वाला है। उन्होंने कला एवं संस्कृति विभाग, संस्कृत शिक्षा विभाग और प्राच्य भाषा निदेशालय को मिशन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

### ये भी दिए निर्देश

- बैठक में बालोतरा-पाचपदरा पाइपलाइन रेल लाइन कनेक्टिविटी से जुड़े लंबित विषयों पर विशेष चर्चा हुई। खान एवं पेट्रोलियम विभाग को रेल मंत्रालय, जिला प्रशासन व संबंधित हितधारकों के साथ समन्वय कर लंबित विषयों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- केन्द्रीय गृह मंत्री के राजस्थान दौरे के दौरान दिए गए निर्देशों की पालना की समीक्षा की। नवंबर तक सभी वाइब्रेंट गांवों में 4जी कनेक्टिविटी का लक्ष्य दिया है।
- सीमावर्ती जिलों में आधार आईडी के 100 प्रतिशत सत्यापन से जुड़े विषयों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह कार्य आगामी अक्टूबर तक पूर्ण किया जाए।
- एमपीकेसी परियोजना, आईजीएनपी ट्रिब्यूनल विजिट, यमुना जल से जुड़े कार्यों तथा सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। जल संसाधन विभाग को केंद्र सरकार एवं संबंधित राज्यों के साथ सतत समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।

## पीएम पोषण योजना के भोजन की जांच के लिए नियमित करें निरीक्षण : मुख्य सचिव

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की राज्य स्तरीय संचालन एवं निगरानी समिति की बैठक सचिवालय में ली और योजना की मॉनिटरिंग अधिक प्रभावी ढंग से करने के निर्देश दिए। बैठक में समिति ने केन्द्र सरकार द्वारा इस योजना के लिए राजस्थान को स्वीकृत 953.97 करोड़ रुपए संबंधी अनुमोदन किया। मुख्य सचिव ने योजना के पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए पीएम पोषण योजना के RAJSIMS पोर्टल को तत्काल अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने



के लिए अधिकारियों को राज्य के विभिन्न विद्यालयों में निरंतर भ्रमण एवं निरीक्षण करने के निर्देश भी प्रदान किए।

बैठक में अवगत कराया गया कि बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुसार संतुलित व पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य, पोषण स्तर व शैक्षणिक विकास को सशक्त आधार दिया जा रहा है। इस योजना से बच्चों में कुपोषण स्तर कम हो रहा है, ड्रॉप आउट कम हुआ है और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ रही है। मुख्य सचिव को श्रीकृष्ण भोग योजना से भी अवगत कराया गया। यह योजना राज्य सरकार का नवाचार है, जिसका बेहतरीन प्रभाव देखा गया है। प्रधानमंत्री ने भी राज्य सरकार के इस नवाचार की प्रशंसा की है। श्रीकृष्ण भोग योजना कुपोषण एवं एनीमिया जैसी समस्याओं को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। मुख्य सचिव को अतिथि माता कॉन्सेप्ट से भी अवगत कराया गया जिसमें विद्यार्थियों की माताओं एवं महिला अभिभावकों को विद्यालय में आमंत्रित कर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता स्वच्छता और पोषण मानकों एवं वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करवाया जाता है।

## कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर को लेकर कैलाश चौधरी का राहुल गांधी पर हमला

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर और राहुल गांधी के राजस्थान दौरे को लेकर भाजपा ने तीखा हमला बोला है। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी कार्यकर्ताओं को क्या प्रशिक्षण देंगे, यह देश अच्छी तरह जानता है। चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी कार्यकर्ताओं को अफजल गुरु की बरसी पर जाने का प्रशिक्षण देंगे, पाकिस्तान और देश के विरोधी देशों की भाषा बोलने का प्रशिक्षण देंगे। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक पर सवाल उठाने का प्रशिक्षण देंगे। चौधरी ने सोमवार को भाजपा मुख्यालय पर प्रदेश किसान मौर्चे की बैठक ली।



कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर को लेकर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई खत्म करने के लिए आए हैं, लेकिन पार्टी में गुटबाजी इतनी गहरी है कि यह विवाद समाप्त होने वाला नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस संगठन में एकजुटता का अभाव है और यही स्थिति भविष्य में पार्टी के लिए बड़ी चुनौती बनेगी। इस दौरान कैलाश चौधरी ने भाजपा किसान मोर्चा की गतिविधियों और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के अभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 12 जून को जयपुर में प्राकृतिक खेती पर एक बड़ी कार्यशाला होगी। जिसमें गुजरात के राज्यपाल, राजस्थान के राज्यपाल और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और कृषि विशेषज्ञ भाग लेंगे। कार्यक्रम में प्रदेशभर से किसानों को आमंत्रित किया जाएगा और उन्हें प्राकृतिक खेती की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैलाश चौधरी ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षित किसानों को आगे 'ट्रेनर' के रूप में तैयार किया जाएगा, जो गांव-गांव जाकर अन्य किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करेंगे।

## ब्रीफ खबरें

### प्रधानमंत्री से मिले मुख्यमंत्री, प्रदेश के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा



**जयपुर/नई दिल्ली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विकास, सुशासन और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा, महिला, किसान एवं अंत्योदय के प्रति प्रधानमंत्री का समर्पण और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का उनका स्पष्ट विजन व दृढ़ संकल्प हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। राजस्थान के प्रति उनका विशेष स्नेह, आत्मीय जुड़ाव और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता सदैव हमें प्रेरित करती है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राजस्थान आधारभूत संरचना, निवेश, जल प्रबंधन, महिला सशक्तीकरण और जनकल्याण के क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है।

### 'प्लग एंड प्ले': खेल सुविधाओं के लिए 10 जिलों में 12 भूखंड आवंटित

**जयपुर।** रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विकास और 'प्लग एंड प्ले' आधारित सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। रीको द्वारा प्लग एंड प्ले तथा स्पोर्ट्स फैसिलिटी के लिए आवेदन आमंत्रित किये थे. ऐसे 15 भूखंडों पर ई-बिडिंग हुई है। अतः इन 15 भूखंडों का रेंटल बेसिस पर आवंटन किया जा रहा है, जिसमें 12 भूखंड खेल सुविधाएं और 3 भूखंड 'प्लग एंड प्ले'के लिए है। जयपुर जिले में सीतापुरा फेज-तृतीय, अपैरल पार्क और बगरू (छितरौली), कोटा के इंद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र, जोधपुर के बोरानाडा, सिरोही के आबू रोड (अर्बुदा), खैरथल-तिजारा के भिवाड़ी (कारोली), झुंझुनू-द्वितीय, अजमेर के किशनगढ़, पाली फेज-IV, सवाई माधोपुर के खेरड़ा और सीकर के रींगस विस्तार औद्योगिक क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के लिए भूखंडों का आवंटन किया जा रहा है। जयपुर जिले के सीतापुरा फेज-तृतीय, जोधपुर के बोरानाडा स्थित एग्रो फूड पार्क तथा कोटा के एग्रो फूड पार्क (रानपुर) में प्लग एंड प्ले के लिए भूखंडों का आवंटन किया जा रहा है। इन आवंटित किये जा रहे भूखंडों का कुल क्षेत्रफल करीब 9 एकड़ है, जिससे करीब 228 लाख रूपए का वार्षिक किराया रीको को प्राप्त होगा।

### संपर्क पोर्टल केंद्र का किया निरीक्षण



**जयपुर।** वित्त विभाग की विशिष्ट शासन सचिव (बजट) शिवांगी स्वर्णकार ने सोमवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क (181) हेल्पलाइन केंद्र का निरीक्षण किया। स्वर्णकार ने केंद्र के विभिन्न काउंटर्स का निरीक्षण कर वहां कार्यरत कॉल सेंटर एग्जीक्यूटिव्स के कार्य की सराहना की और जन शिकायतों के पंजीकरण की संपूर्ण तकनीकी प्रक्रिया को समझा। उन्होंने मौके पर लाइव कॉल्स के माध्यम से संवाद की गुणवत्ता को परखा तथा प्रतिनिधियों को और अधिक संवेदनशीलता के साथ आमजन की बात सुनकर त्वरित रिस्पांस देने के लिए प्रोत्साहित किया।निरीक्षण के दौरान विशिष्ट शासन सचिव ने वित्त, पेंशन और कोषालय से संबंधित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रकरणों, सेवानिवृत्त राजकीय कार्मिकों के जीपीएफ , उपार्जित अवकाश और पेंशन लाभ से जुड़े मामलों के निस्तारण की गति को और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीकी या प्रशासनिक स्तर पर आने वाले आक्षेपों का बिना किसी विलंब के त्वरित निराकरण कर बिलों का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

### लंबित एसीआर/एपीएआर भरने के लिए पोर्टल 30 जून तक खुला

**जयपुर।** राज्य सरकार ने राजसेवकों द्वारा उनके विगत वर्षों के लंबित वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (एसीआर/एपीएआर) भरने हेतु राजकाज एसीआर पोर्टल 1 जून से 30 जून तक की अवधि के लिए खोला है। कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव के हस्ताक्षर से जारी इस परिपत्र अनुसार जिन राजसेवकों द्वारा विगत वर्षों के कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन अभी तक ऑनलाइन नहीं भरे गए हैं, वे निर्धारित अवधि के दौरान अपने लंबित प्रतिवेदन राजकाज एसीआर पोर्टल पर भर सकेंगे।कार्मिक विभाग ने सभी प्रशासनिक विभागों, विभागाध्यक्षों तथा जिला कलक्टरों से अपने अधीनस्थ राजसेवकों के लंबित कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन निर्धारित अवधि में भरवाना सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की 'पैमाना' रिपोर्ट में दिखी विकास की तस्वीर, मजबूत हो रही आधारभूत संरचनाएं

# प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर ने पकड़ी रफ्तार, रनवे पर ऊंची 'उड़ान'

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान में इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट नई रफ्तार पकड़ रहा है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी 'पैमाना' रिपोर्ट के आंकड़े विकास की यही कहानी बयां कर रहे हैं। इसके अनुसार राजस्थान में रेलवे, सड़क, ऊर्जा, पेट्रोलियम और नागरिक उड्डयन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की लगभग 2.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कुल 81 परियोजनाएं प्रगतिरत हैं। राजस्थान रिफाइनरी परियोजना का जल्द ही उद्घाटन किया जाना है। इस परियोजना की लागत 79 हजार 459 करोड़ रुपये है। बाड़मेर के पचपदरा में बनी इस रिफाइनरी से पूरे पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी भारत में पेट्रोलियम



उत्पादों की आपूर्ति में क्रांतिकारी बदलाव आएगा और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही बाड़मेर में एचपीसीएल द्वारा 461 करोड़ रुपये की लागत से पेट्रोकेमिकल निकासी एवं विपणन टर्मिनल परियोजना भी प्रगति पर है, जिसे दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है।

**एनर्जी ट्रांसमिशन:** प्रदेश में 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक की एनर्जी ट्रांसमिशन की 19 परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें बहुराज्यीय प्रोजेक्ट्स भी शामिल हैं। 25 हजार करोड़ लागत की 'राजस्थान पार्ट-1 पावर ट्रांसमिशन परियोजना' राजस्थान के साथ एमपी-यूपी तक फैली है।

### 2027 तक पूरी होगी नई ग्रीनफील्ड परियोजना

राजस्थान में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण 2 हजार 874 करोड़ रुपये लागत की 3 महत्वपूर्ण परियोजनाएं क्रियान्वित कर रहा है। बूंदी-कोटा में 1507 करोड़ की नई ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजना को अगस्त 2025 में स्वीकृति मिली और नवंबर 2027 तक पूर्ण होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह परियोजना हाड़ौती क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसी प्रकार उदयपुर हवाई अड्डे पर 887 करोड़ रुपए की एकीकृत टर्मिनल परियोजना को पूर्ण करने का लक्ष्य सितंबर 2026 तय किया गया है। वहीं, जोधपुर हवाई अड्डे पर 480 करोड़ रुपए की नए घरेलू यात्री टर्मिनल परियोजना लगभग पूर्ण हो चुकी है।

**रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर:** उत्तर-पश्चिम रेलवे की 23 परियोजनाएं चल रही हैं, जिनकी लागत 1 लाख 64 हजार 998 करोड़ रुपये है। जिनमें लगभग 1 लाख 55 हजार 524 करोड़ रुपये की लागत की 10 बहुराज्यीय परियोजनाओं के अलावा प्रदेश में भी कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। एक लाख 24 हजार करोड़ रुपये की लागत से गुजरात-हरियाणा-महाराष्ट्र-राजस्थान और उत्तरप्रदेश से गुजरने वाले वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का कार्य पूर्ण होने जा रहा है। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाले प्रोजेक्ट्स में 968 करोड़ रुपये की देवगढ़ मदारिया से नाथद्वारा, 166 करोड़ रुपये की नाथद्वारा-नाथद्वारा टाउन, 799 करोड़ रुपये की पुष्कर-मेड़ता सिटी, 189 करोड़ रुपये लागत की पोकरण-रामदेवरा नई रेल लाइन, 166 करोड़ रुपये की वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के रखरखाव एवं कार्यशाला डिपो परियोजना ऐतिहासिक कदम साबित होंगे।

**सड़कों का विकास:** सड़क मार्गों के विकास के जरिये आधारभूत संरचनाओं का विकास रथ भी तेज गति से दौड़ रहा है। प्रदेश में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साथ एनएचएआई के द्वारा लगभग 18 हजार करोड़ रुपये की 28 सड़क एवं राजमार्ग परियोजनाएं चल रही हैं। सांख्यिकी रिपोर्ट से स्पष्ट है कि राजस्थान एक आधुनिक और सुदृढ़ अवसंरचना वाले राज्य के रूप में उभर रहा है।

## ब्रीफ खबरें

### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों का प्रदर्शन, मंत्री के खिलाफ जांच की मांग




**नागौर।** राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान के नेतृत्व में सोमवार को नागौर में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने विरोध प्रदर्शन कर सहकारिता मंत्री गौतम डक के खिलाफ दर्ज मामले की निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सहकारिता मंत्री गौतम डक ने डूंगला थानाधिकारी शैतान सिंह सहित पुलिसकर्मियों विष्णु कुमार और लक्ष्मीनारायण को थाने के बाहर बुलाकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया, गाली-गलौज की और सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। प्रदर्शन में शामिल सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने घटना को पुलिस बल के सम्मान और मनोबल से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए कहा कि यदि ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों के साथ इस प्रकार का व्यवहार होता है तो इससे पूरे पुलिस तंत्र का मनोबल प्रभावित होता है। ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार से भी मामले में हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग की गई।

### 62 की उम्र में दाधीच ने 112वीं बार रक्तदान कर पेश की मिसाल



**भीलवाड़ा।** प्रदेश में जारी नौतपा की भीषण गर्मी के कारण शहर के राजकीय महात्मा गांधी अस्पताल के ब्लड सेंटर में इन दिनों रक्त की भारी कमी देखी जा रही थी। इस संकटकाल में समाजसेवी एवं वरिष्ठ रक्तदाता विक्रम दाधीच (62 वर्ष) ने आगे आकर अपने जीवन का 112वां रक्तदान किया। उनके इस पुनीत कार्य से अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में बड़ी सहायता मिलेगी।गौरतलब है कि विक्रम दाधीच पिछले लगभग 40 वर्षों से निरंतर स्वैच्छिक रक्तदान कर रहे हैं। वे देश भर में घूम-घूमकर युवाओं को जागरूक करने के साथ-साथ एक विशाल रक्तदाता नेटवर्क के जरिए अब तक हजारों जरूरतमंदों की जान बचा चुके हैं। दाधीच ने बताया कि उन्हें इस कार्य की प्रेरणा त्यागमूर्ति महर्षि दधीचि और अपने माता-पिता से मिली है।

### फसल बीमा मुआवजे में गड़बड़ी पर किसानों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**नागौर।** जिले के कई गांवों के किसानों ने फसल बीमा मुआवजे में कथित अनियमितताओं को लेकर जिला प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने फसल बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया (एआईसी) पर आरोप लगाया कि खरीफ और रबी सीजन में भारी नुकसान के बावजूद प्रभावित किसानों को पूरा मुआवजा नहीं दिया गयाग्राम पंचायत मुंडासर, संचेरण, अलाय तथा आसपास के गांवों से पहुंचे किसानों ने बताया कि खरीफ सीजन में अतिवृष्टि के कारण कई क्षेत्रों में फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई थीं। किसानों का दावा है कि कई गांवों में 100 प्रतिशत तक फसल खराब होने के बावजूद नुकसान का आकलन कम दर्शाया गया, जिससे उन्हें अपेक्षित बीमा राशि नहीं मिल सकी। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मामले में न्यायसंगत कार्रवाई नहीं हुई और बकाया मुआवजा नहीं मिला तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करने को मजबूर होंगे।

### चार साल से बकाया भुगतान के लिए भटक रही हैं बुजुर्ग व बीमार महिलाएं

**भीलवाड़ा।** जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के ग्रेच्युटी का भुगतान न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद प्रशासन पिछले कई महीनों से बकाया राशि वसूलने में नाकाम रहा है। इस प्रशासनिक ढुलमुल रवैए से नाराज भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ, भीलवाड़ा ने जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर अविलम्ब  पीड़ितों को भुगतान दिलाने की आवाज बुलंद की है। साथ ही ऐसा नहीं होने पर संघ को इन बुजुर्ग महिलाओं के साथ कलेक्ट्रेट के बाहर उग्र धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होगा। यह मामला भुगतान उपादान भुगतान ओथोरीटी भीलवाड़ा कोर्ट के आदेशानुसार बाल विकास परियोजनाओं से बकाया राशि की वसूली (कुर्की) कराने से जुड़ा है। संघ ने इस मामले के मानवीय पहलू को उजागर करते हुए बताया कि जिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की राशि बाकी है, वे बेहद बुजुर्ग हैं।

### बीकानेर समाचार पत्र वितरक संघ का 19वां स्थापना दिवस मनाया



**बीकानेर।** रोटरी क्लब में बीकानेर समाचार पत्र वितरक संघ का 19वां स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह सांखला ने वितरक संघ के समाजोपयोगी कार्यों के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाचार पत्र संघ के अध्यक्ष पुखराज स्वामी ने आज के समय में इस कार्य को करने में आ रही समस्यों के बारे में प्रकाश डाला की किस प्रकार आज अखबार वितरण करना बहुत कठिन हो गया है।  संघ के संरक्षक सिराजुद्दीन कोहरी ने अपने विचार रखे। मंच संचालन अखिलेश पांडे ने किया। अंत में महासचिव हनुमान गहलोत ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संगठन सचिव नवलसिंह, संगठन मंत्री घनश्याम तंवर आदि ने सहयोग किया।

**4113 में से 1661 सदस्यों ने किया मतदान; महामंत्री पद पर भंवर सिंह खरड़ी बावड़ी और कोषाध्यक्ष पद पर पुष्पेंद्र सिंह चौथपुरा विजयी**

# जौहर स्मृति संस्थान की नई कार्यकारिणी घोषित, नारायण सिंह बड़ोली बने अध्यक्ष

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़।** जौहर स्मृति संस्थान की नई कार्यकारिणी के लिए रविवार को हुए चुनाव के परिणाम देर शाम घोषित कर दिए गए। चुनाव में अध्यक्ष पद पर नारायण सिंह बड़ोली ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं महामंत्री पद पर भंवर सिंह खरड़ी बावड़ी, उपाध्यक्ष पद पर भंवर सिंह नेतावल गढ़पाछली, महिला उपाध्यक्ष पद पर निर्मला कंवर राठौड़, कोषाध्यक्ष पद पर पुष्पेंद्र सिंह चौथपुरा तथा संयुक्त मंत्री पद पर आदित्यवीर सिंह घटियावली निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी नरपत सिंह भाटी ने बताया कि संस्थान के कुल 4113 मतदाताओं में से 1661 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद देर शाम तक मतगणना चली, जिसके बाद परिणाम घोषित किए गए।अध्यक्ष पद के चुनाव में नारायण सिंह बड़ोली को 1072 मत प्राप्त हुए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी कर्नल रणधीर सिंह बस्सी को 249 तथा शक्ति सिंह मुरलिया को 307 मत मिले। इस पद पर 33 मत निरस्त हुए। नारायण सिंह बड़ोली ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर 765 मतों की बढ़त के साथ जीत दर्ज की। महामंत्री पद के लिए हुए मुकाबले में भंवर सिंह खरड़ी बावड़ी को 1061 मत प्राप्त हुए, जबकि तेजपाल सिंह खोर को 557 मत मिले। 43 मत निरस्त घोषित किए गए। भंवर सिंह खरड़ी बावड़ी ने 504 मतों के अंतर से जीत हासिल की।उपाध्यक्ष पद पर भंवर सिंह नेतावल गढ़पाछली को 908 मत प्राप्त हुए, जबकि उदय सिंह देवड़ा को 692 मत मिले। 61 मत निरस्त हुए। भंवर सिंह नेतावल गढ़पाछली 216 मतों से विजयी रहे। महिला उपाध्यक्ष पद पर निर्मला कंवर राठौड़ को 939 मत प्राप्त हुए, जबकि दीपिका झाला को 690 मत मिले। 32 मत निरस्त हुए। निर्मला कंवर राठौड़ ने 249 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। कोषाध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला रहा। इसमें पुष्पेंद्र सिंह चौथपुरा को सर्वाधिक 833 मत मिले। कान सिंह सुवावा को 437 और मोहन सिंह भाटी को 327 मत प्राप्त हुए। 64 मत निरस्त हुए। पुष्पेंद्र सिंह चौथपुरा ने 396 मतों के अंतर से जीत हासिल की।संयुक्त मंत्री पद पर आदित्यवीर सिंह घटियावली को 1088 मत प्राप्त हुए। भारत सिंह खोर को 305 और रणजीत सिंह बस्सी को 210 मत मिले। 58 मत निरस्त हुए। आदित्यवीर सिंह घटियावली ने 783 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल रहा। संस्थान की नई कार्यकारिणी से आगामी वर्षों में संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# डीएमएफटी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, सिलिकोसिस पीड़ितों को समय पर सहायता राशि देने पर जोर

**जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में डीएमएफटी मैनेजिंग कमेटी की बैठक; लंबित कार्यों के शीघ्र निस्तारण और तकनीकी स्वीकृतियां जल्द जारी करने के निर्देश**

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़।** जिले में खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास कार्यों को गति देने और सिलिकोसिस पीड़ितों को समय पर राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की मैनेजिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर एवं डीएमएफटी अध्यक्ष डॉ. मंजू की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में हुई बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की गई।बैठक की शुरुआत जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं डीएमएफटी सदस्य सचिव विनय पाठक ने की। इस दौरान डीएमएफटी गवर्निंग काउन्सिल की पूर्व बैठकों में स्वीकृत विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने सभी कार्यकारी एजेंसियों को लंबित कार्यों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन कार्यों की स्वीकृतियां जारी हो चुकी हैं, उन्हें शीघ्र धरातल पर उतारा जाए। डॉ. मंजू ने 3 अगस्त 2025 के बाद स्वीकृत हुए कार्यों की तकनीकी स्वीकृतियों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक परीक्षण कर तकनीकी स्वीकृतियां जल्द जारी करने तथा जिन मामलों में तकनीकी स्वीकृतियां अपूर्ण हैं, उनमें आवश्यक संशोधन कर तत्काल डीएमएफटी सेल को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही वित्त विभाग को भेजे जाने वाले प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण पर भी जोर दिया। बैठक में सिलिकोसिस रोग से प्रभावित व्यक्तियों और मृतक आश्रित परिवारों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा भी की गई। जिला कलक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को सहायता राशि देने में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए तथा लंबित मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। बैठक में संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।डीएमएफटी नियम-2025 के तहत जारी नए दिशा-निर्देशों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को नई गाइडलाइन के अनुसार पंचवर्षीय योजना और वार्षिक कार्य योजना तैयार करने, खनन प्रभावित क्षेत्रों की सूची को अद्यतन करने तथा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की पहचान कर सूची तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) के गठन, डीएमएफटी एंडोमेंट फंड में निवेश, चार्टर्ड अकाउंटेंट से ऑडिट कराने तथा नवीन भुगतान प्रणाली (एसएनए) के प्रभावी क्रियान्वयन सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की।जिला कलक्टर ने कहा कि डीएमएफटी का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं को मजबूती देना है। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करनी होगी। बैठक में डीएमएफटी योजनाओं के प्रभावी संचालन और विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया गया।

### संस्कृत बनेगी संवाद की भाषा, लगेगी विशेष कक्षा



**अजमेर।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृत संस्कृति तथा संवादात्मक संस्कृत के प्रचार-प्रसार हेतु "15 दिवसीय संस्कृत संभाषण कक्षा" का आयोजन किया जाएगा। यह कक्षा 15 जून 2026 से संस्कृत विभाग, कुबेर भवन में प्रारंभ होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्कृत भाषा को सरल, सहज एवं व्यवहारिक रूप में जन-जन तक पहुँचाना है। "सरल संस्कृत –सहज संस्कृत –बोलचाल की संस्कृत" की थीम पर आधारित यह प्रशिक्षण युवाओं, विद्यार्थियों एवं संस्कृत प्रेमियों को दैनिक जीवन में संस्कृत बोलने के लिए प्रेरित करेगा। कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, ज्ञान एवं जीवन मूल्यों की संवाहक है। संस्कृत संभाषण के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का यह महत्वपूर्ण प्रयास है।

## महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

FAIR REPORT

**नागौर**



बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक की घटनाओं तथा जनसमस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नागौर ग्रामीण 'A' एवं शहर 'B' के नेतृत्व में सोमवार को उपखण्ड अधिकारी (एसडीएम) के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष पुनाराम मेघवाल ने किया तथा आयोजन दिलफराज खान की अगुवाई में संपन्न हुआ। ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दामों में लगातार वृद्धि से घरेलू बजट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वहीं दाल, सब्जियों एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के सामने रोजमर्रा का खर्च चलाना चुनौती बन गया है। कांग्रेस नेताओं ने 'हर घर जल'योजना की प्रगति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि कई ग्राम पंचायतों में आज तक जल कनेक्शन नहीं पहुंच पाए हैं। इसके अलावा नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए सरकार पर बेरोजगार युवाओं की अनदेखी का आरोप लगाया।

### तहसील कार्यालय में 11 बजे तक लटके मिले ताले

**उदयपुर।** जिले के ऋषभदेव तहसील कार्यालय में सोमवार सुबह  दफ्तर खुलने के तय समय के बाद भी कई कर्मचारी अपनी सीटों से गायब मिले। सुबह 11 बजे तक हालत यह थी कि कुछ कमरों के बाहर ताले लटके हुए थे। इस लापरवाही की वजह से दूर-दराज के गांवों से अपने जरूरी काम करवाने आए ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील कार्यालय में कर्मचारियों के समय पर नहीं आने और काम अटकाने की शिकायतें लगातार मिल रही थी। इसी की हकीकत जानने के लिए खेरवाड़ा के पूर्व विधायक नानालाल अहारी सुबह 10 बजे अचानक दफ्तर पहुंच गए। जब उन्होंने औचक निरीक्षण किया तो लापरवाही की शिकायतें सच साबित हुईं।

## माधव विश्वविद्यालय में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

FAIR REPORT

**आबूरोड**



विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर माधव विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के दौरान होम्योपैथिक विभाग की निदेशक डॉ. भारती देसाई ने कहा कि तंबाकू मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसके सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों सहित अनेक गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के निदेशक डॉ. देवेंद्र मुजाल्दा ने कहा कि तंबाकू सेवन केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं से तंबाकूमुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की प्रभारी डॉ. संगीता सिंह ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026 की विषय-वस्तु "आकर्षण का पर्दाफाश – निकोटीन एवं तंबाकू की लत का मुकाबला" के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य तंबाकू और निकोटीन उत्पादों के आकर्षण के पीछे छिपे स्वास्थ्य खतरों को उजागर करना है।

# मंत्री-पुलिस अधिकारी ऑडियो विवाद: रिटायर्ड पुलिसकर्मियों ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग

**कहा- यदि आरोप सही हैं तो यह केवल एक अधिकारी नहीं, पूरे पुलिस विभाग की गरिमा का मामला; फॉरेंसिक जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग**

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़।** सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक और एक पुलिस अधिकारी के बीच कथित बातचीत के वायरल ऑडियो को लेकर विवाद अब नया मोड़ लेता जा रहा है। मामले में जहां राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर चर्चाएं जारी हैं, वहीं अब सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने भी खुलकर अपनी चिंता जाहिर की है। मंगलवार को रिटायर्ड पुलिस कल्याण संस्थान एवं पेंशनर समाज से जुड़े पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे तथा मामले की निष्पक्ष, स्वतंत्र और समयबद्ध जांच की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संस्थान के पदाधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर वायरल हो रहे ऑडियो तथा उससे जुड़े आरोपों ने पुलिस विभाग की छवि, प्रशासनिक कार्यप्रणाली और जनविश्वास को प्रभावित किया है। ऐसे में पूरे मामले की सच्चाई सामने आना बेहद जरूरी है, ताकि लोगों के बीच फैली शंकाओं का समाधान हो सके और कानून व्यवस्था पर भरोसा कायम रहे।रिटायर्ड पुलिसकर्मी ओमप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि वायरल ऑडियो और सार्वजनिक चर्चाओं में यह आरोप सामने आए हैं कि एक मंत्री द्वारा पुलिस अधिकारी के प्रति अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया। उनका कहना है कि यदि जांच में ये आरोप सही साबित होते हैं तो यह मामला केवल एक अधिकारी के सम्मान का नहीं बल्कि पूरे पुलिस विभाग की गरिमा और मनोबल से जुड़ा हुआ माना जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी चौबीसों घंटे कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम करते हैं। ऐसे में उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। किसी भी जनप्रतिनिधि या संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से यह अपेक्षा की जाती है कि वह संविधान, कानून और प्रशासनिक मर्यादाओं का पालन करे तथा अपने आचरण से सकारात्मक संदेश दे। सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान ने मांग की है कि वायरल ऑडियो और उससे जुड़े वीडियो या अन्य डिजिटल साक्ष्यों की वैज्ञानिक तरीके से फॉरेंसिक जांच कराई जाए। उनका कहना है कि तकनीकी परीक्षण के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वायरल सामग्री वास्तविक है या उसमें किसी प्रकार की छेड़छाड़ की गई है। बिना जांच के किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा। संस्थान के पदाधिकारियों का मानना है कि फॉरेंसिक जांच से न केवल मामले की सच्चाई सामने आएगी बल्कि किसी भी पक्ष के साथ अन्याय होने की संभावना भी समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए, ताकि जनता के बीच भी उसका सकारात्मक संदेश जाए और जांच की विश्वसनीयता बनी रहे। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि यदि जांच में मंत्री पर लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। संगठन का कहना है कि कानून की नजर में सभी समान हैं और किसी भी व्यक्ति को उसके पद या राजनीतिक प्रभाव के आधार पर विशेष छूट नहीं मिलनी चाहिए।

# Badi Sadri-Dungla Congress Holds Protest at Collectorate, Demands Dismissal of Minister Gautam Dak

**Alleged Audio Controversy and Zinc Waste Issue Raised; Congress Says Toxic Waste Poses Threat to Environment, Groundwater and Public Health**

FAIR REPORT




**Chittorgarh-** A major protest was held at the District Collectorate on Monday under the joint leadership of the Badi Sadri and Dungla Block Congress Committees over the alleged audio controversy involving Minister of State for Cooperation and Badi Sadri MLA Gautam Kumar Dak, as well as the issue of zinc waste dumping in the Badi Sadri region. Hundreds of Congress workers, public representatives and party office-bearers submitted a memorandum to the District Collector addressed to Chief Minister Bhajan Lal Sharma, demanding the removal of Gautam Dak from the state cabinet and a high-level inquiry into the zinc waste issue. The protest was attended by Block Congress executive members, sarpanches, deputy sarpanches, Panchayati Raj representatives, Youth Congress, NSUI members and a large number of Congress workers. During the demonstration, protesters raised slogans against the state government and the minister outside the Collectorate. In the memorandum, Congress leaders alleged that Minister Gautam Kumar Dak had used abusive language and behaved improperly with a police officer. They said that if these allegations are found to be true, it would affect the dignity and morale of the police department. Congress demanded that the minister be immediately removed from the cabinet and that a fair investigation be conducted. The issue of zinc waste was also strongly highlighted during the protest. Congress leaders alleged that a large quantity of zinc waste and other industrial waste had been dumped in the Badi Sadri area, posing a serious threat to the environment. They said that the waste could affect the fertility of agricultural land, pollute groundwater and create risks for livestock as well as public health. Congress further alleged that despite concerns raised by local residents, no effective action has been taken so far. The party demanded an independent and high-level investigation into the matter, scientific testing of the affected areas and the immediate removal of zinc waste from all affected locations. Congress leaders said that if timely action is not taken, the issue could lead to serious environmental and health consequences in the future. A separate memorandum was also submitted to the Superintendent of Police. It mentioned allegations that the minister had used abusive language towards a police officer and made objectionable remarks about women. The Congress delegation demanded a fair investigation, legal action and the immediate arrest of the minister. During the protest, Congress workers burned an effigy of Gautam Dak and expressed their anger. They said that the government and administration should take prompt and effective action in both matters to maintain public confidence and address serious environmental concerns. Congress leaders warned that if the government and administration fail to take appropriate action in time, the party and the people of the region will expand their democratic protest movement. They said that the Congress Party will continue its struggle for public interest, environmental protection and democratic values.

# Forged Signatures, Rebel MLAs and Abhishek's Shadow: TMC's Crisis Deepens

FAIR REPORT



**KOLKATA**: The Trinamool Congress, already reeling from post-election turbulence in West Bengal, has been plunged into a fresh and potentially more damaging crisis — one that strikes at the very integrity of the party's internal functioning. At least two TMC MLAs have alleged that their signatures were forged on an official document backing Shobhandev Chattopadhyay as Leader of the Opposition, and that the letter carrying those fabricated signatures received final approval from none other than Abhishek Banerjee.

The allegation, if substantiated, is explosive. Forging a legislator's signature on a formal political document is not merely an internal party irregularity — it is a potential criminal offence that could expose senior TMC functionaries to serious legal jeopardy.

The timing could not be worse for the Mamata Banerjee-led dispensation. Coming just days after the embarrassing collapse of a party meeting — where 60 of 80 TMC MLAs failed to show up at the Chief Minister's own residence — the forgery allegations paint a portrait of a party in deep organisational distress following its electoral setback.

That Abhishek Banerjee, widely regarded as the second most powerful figure in TMC and Mamata's political heir, has been named in connection with the alleged approval of the forged document adds a particularly volatile dimension to the controversy.

Opposition parties have seized upon the development with predictable ferocity, demanding accountability and a formal investigation.

TMC is yet to issue a substantive response to the forgery charges. But with rebels speaking openly, signatures allegedly being manufactured, and the leadership under scrutiny, the party's crisis of cohesion is no longer something it can manage quietly behind closed doors.

### BJP to launch 15-day grassroots blitz as Modi govt completes 12-yrs in office

FAIR REPORT

**New Delhi:** A crucial meeting of senior Bharatiya Janata Party (BJP) office-bearers and grassroots workers concluded at the party's headquarters extension in New Delhi, charting a comprehensive roadmap for massive organisational expansion and public outreach. Presided over by BJP National President Nitin Nabin, the high-level brainstorming session focused on capitalising on a historic milestone, the completion of 12 successful years of the Prime Minister Narendra Modi-led central government.

# Gold Chain Snatched from Woman Outside Kalika Mata Temple, Suspect Seen in CCTV



**Thief Took Advantage of Crowd; Escaped with Accomplice, Police Investigating**

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** A woman's gold chain was snatched outside the famous Kalika Mata Temple at Chittorgarh Fort on Sunday afternoon. The accused took advantage of the heavy crowd and escaped after snatching the chain worth around Rs 1.5 lakh. According to police, Mahendra Kumar Vyas from Sangaria village in Bari Sadri had come to the temple with his 55-year-old mother, Hulasi Bai, for darshan. The family had also offered prasad at the temple. Due to Sunday, a large number of devotees were present. At around 1:15 pm, Hulasi Bai was standing outside the temple when an unidentified man came from behind and snatched her gold chain weighing about one tola. The chain is valued at approximately Rs 1,50,800. The accused immediately fled from the spot. The family searched for the suspect but could not find him. Later, CCTV footage from the temple area was checked. A suspicious man was seen in the footage wearing a white shirt and covering his face with a cloth. It is believed that after committing the crime, he escaped with another accomplice. The family alleged that police personnel were present near the temple at the time of the incident, yet the thief managed to escape. They also claimed that temple authorities did not show them the CCTV footage when requested. Kotwali Police have registered a case and started an investigation.

## One Question From a Schoolgirl Changed Punjab's Education Policy on the Spot

FAIR REPORT



**AMRITSAR**: It took a Class 10 student from Amritsar approximately thirty seconds to expose a flaw in Punjab's board examination ranking system that had apparently escaped the notice of education officials for years — and Chief Minister Bhagwant Mann needed even less time to fix it.

The girl, a top scorer in the Punjab Board examinations, posed a pointed question directly to CM Mann: when multiple students achieve identical marks, why does the Punjab Board declare the youngest student as the topper? What does age have to do with academic merit?

The question stopped the room.

Mann, to his credit, did not deflect or offer bureaucratic platitudes. He turned to officials present and issued on-the-spot instructions — the age-based tiebreaker policy was to be scrapped immediately. Going forward, students who score equally will be declared joint rank holders, a reform as logical as it is long overdue.

The context makes the story even sharper. The young student herself was among four students who scored 98% in their board examinations — yet only one was crowned topper based purely on being the youngest among them. Three equally deserving students were quietly pushed down the rankings for a reason entirely outside their control.

Punjab's education department is now expected to formalise the joint-topper provision across future board results.

The episode has drawn widespread appreciation on social media, with many praising both the student's courage to question authority and the Chief Minister's willingness to act without hesitation.

Sometimes, the most effective education reforms come not from policy committees — but from a schoolgirl with a microphone and a perfectly reasonable question.

# Bank Account Used as Transit Point for Cyber Fraud Money; Account Holder Arrested in Rs 3.53 Crore Transactions Case

**Major Action by Kapasan Police During Investigation of 46 Accounts Linked to Suspicious Transactions Worth Rs 46 Crore**

FAIR REPORT



**Chittorgarh:** Under the statewide Operation Mule Hunter against cyber criminals, Kapasan Police have arrested the operator of a bank account allegedly used for cyber fraud transactions. More than Rs 3.53 crore in suspicious transactions were found in the account. Police said the account was being used to transfer money obtained through cyber fraud from one place to another. The case came to light during the investigation of 46 suspicious bank accounts, which showed transactions worth around Rs 46 crore. The action was carried out under the guidance of Udaipur Range IG Gaurav Srivastava, Chittorgarh SP Dharmendra Singh Yadav, Additional SP Mukul Sharma, Circle Officer Harjeelal Yadav, and led by Kapasan SHO Sunil Sharma. According to police, complaints were received on the National Cyber Crime Reporting Portal (NCRP) against 46 bank accounts linked to the Kapasan area. Initial investigation revealed that the account holders, along with middlemen, were using these accounts to transfer money obtained through cyber fraud. A case was registered and a detailed investigation was started. During the investigation, police examined the Bank of Baroda account of Lokesh Kumar Khabya, a resident of Langach. The account statement showed transactions worth Rs 3,53,83,034. When questioned about the source and use of the money, the accused failed to provide a satisfactory explanation. Police also found cyber fraud complaints from different states against the account. Naman Saxena from Ujjain, Madhya Pradesh, had filed a complaint alleging that Rs 499 was taken in the name of providing Amazon gift offers at a cheap rate and was never returned. Similarly, Sneha Shah from Kolkata complained that around Rs 6,000 was taken in advance on the promise of providing a job, but the money was not returned. Investigation confirmed that both were victims of cyber fraud. Police later called the accused for questioning, but he could not explain the crore-rupee transactions in his account. Based on evidence of involvement in cyber crime, he was arrested and produced before the court. Police are now investigating his links with the wider cyber crime network and tracing how the fraud money was routed. Technical analysis and further interrogation are continuing. The arrested accused has been identified as Lokesh Kumar Khabya (37), son of Mithulal Khabya, a resident of Langach and currently living at Somaniya Bagh Road, Kapasan. Police said he belongs to the Kapasan police station area and is being questioned about other persons connected to the cyber crime network.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**